प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 29.08.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी।

2—केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला एआई—संचालित अनुवादक "आदि वाणी" का बीटा संस्करण लॉन्च किया गया।

3—केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में कर्रेगुट्टा ऑपरेशन में शामिल जवानों से मुलाकात कर उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया।

4—मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर और दुर्ग संभाग में गरज—चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

**<u>प्रधानमंत्री—सेमीकॉन इंडिया</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। नई दिल्ली में यशोभूमि में आज सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी।

**सेमीकंडक्टर की दुनिया में एक बात कही जाती है। ऑयल्स वाज ब्लैक गोल्ड बट चिप्स आर डिजिटल डॉयमंड्स। 21वीं शताब्दी की शक्ति छोटे से चिप में सिमट करके रह गई है। यह चिप भले ही छोटी सी है, लेकिन इसमें दुनिया की प्रगति को बड़ी गति देने की ताकत है और इसलिए ही आज सेमीकंडक्टर का ग्लोबल मार्केट 600 बिलियन डॉलर पर पहुंच रहा है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगा और जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है, उससे देश इस बाजार में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल कर लेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुर्लभ खनिजों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज मिशन पर भी काम कर रहा है।

**<u>आदि वाणी</u>**

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला एआई—संचालित अनुवादक "आदि वाणी" का बीटा संस्करण लॉन्च किया गया है। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कल नई दिल्ली में आयोजित जनजातीय गौरव वर्ष समारोह के तहत इस ऐप का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री

उइके ने कहा कि आदि वाणी ऐप जनजातीय क्षेत्रों में भाषाई और शैक्षिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह ऐप आदिवासी और गैर–आदिवासी समुदायों के बीच बातचीत का बेहतर जरिया साबित होगा।

आदि वाणी एक कृत्रिम बुद्धि (एआई) –आधारित अनुवाद उपकरण है, जो आदिवासी भाषाओं के समर्पित भविष्य के एक बड़े भाषा मॉडल की नींव रखता है। यह परियोजना भारत में आदिवासी भाषाओं और संस्कृतियों के संरक्षण, संवर्धन तथा पुनरुद्धार के लिए एआई तकनीकों को समुदाय–संचालित दृष्टिकोणों के साथ जोड़ती है।

## हाईकोर्ट–जनहित याचिका

छत्तीसगढ़ सरकार में चौदह मंत्री बनाए जाने को लेकर दायर की गई जनहित याचिका पर आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच ने की। इस याचिका में मंत्रिमंडल में चौदह मंत्री की संख्या को असंवैधानिक बताते हुए चौदहवें मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की गई है। आज हुई सुनवाई में राज्य शासन ने अपना पक्ष रखा। शासन की ओर से अधिवक्ताओं ने बताया कि मंत्रिमंडल की सीमा तय करने से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तो इसका फैसला वहीं होना चाहिए। इस पर याचिकाकर्ता ने अदालत से दो हफ्ते का समय मांगते हुए कहा कि इस दौरान हम सुप्रीम कोर्ट से उस मामले में निर्णय या कोई दिशा–निर्देश ले आएंगे, तब तक याचिका खारिज न की जाए। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले में याचिकाकर्ता को समय देते हुए अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद करने की बात कही।

## शिक्षक सम्मान

वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य करने वाले प्रदेश के चौंसठ शिक्षकों का चयन राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए किया गया है। इन शिक्षकों को राज्यपाल रमेन डेका आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित शिक्षकों में प्राचार्य, प्राचार्य एल.बी., प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., सहायक शिक्षक एल.बी. सहित विभिन्न श्रेणियों के शिक्षक शामिल हैं।

## माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से सोलह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन माओवादियों के पास से आईईडी, विस्फोटक और प्रचार–प्रसार की सामग्री बरामद की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, कोबरा बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इन माओवादियों को बासागुड़ा, गंगालूर और जांगला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

## उद्योग मंत्री–समीक्षा

वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज मंत्रालय में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में श्री देवांगन ने रायपुर के उरला में बन रहे प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क को तीस अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य जल्द शुरू करने को कहा। बैठक में

उद्योग मंत्री ने निर्धारित समय–सीमा में उद्योग स्थापित नहीं करने वाले मामलों में नोटिस के बाद भू–निरस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री–केंद्रीय गृह मंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली मे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को छत्तीसगढ़ में चल रहे माओवादी विरोधी अभियानों के साथ ही भविष्य की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाए गए नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से मुलाकात की और उनके साहस की सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया।

## यूरिया स्वीकृत–मुख्यमंत्री

केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए साठ हजार टन अतिरिक्त यूरिया का आबंटन स्वीकृत किया गया है। इसके तहत इस महीने के पहले सप्ताह में बीस हजार टन, दूसरे सप्ताह में पैंतीस हजार टन और बाकी पांच हजार टन की आपूर्ति इस महीने के अंत तक की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि किसानों की हर आवश्यकता के लिए राज्य सरकार संवेदनशील है।

## भाजपा महिला मोर्चा–घेराव

बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने आज रायपुर स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन का घेराव करने की कोशिश की। लेकिन, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को राजीव भवन पहुंचने से पहले ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमा–झटकी हुई। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी के बारे में की गई टिप्पणी की भाजपा महिला मोर्चा निंदा करती है। इसी मुद्दे पर आज प्रदर्शन किया गया।

इससे पहले, भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बीटीआई मैदान में आमसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, रायपुर महापौर मीनल चौबे, अंबिकापुर महापौर मंजूषा भगत सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## त्यौहार/छठ पूजा–स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने त्यौहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसी के तहत दुर्ग और सुलतानपुर के बीच रेलवे प्रशासन द्वारा दो फेरों के लिए फेस्टिवल स्पेशल गाड़ी चलाई जाएगी। यह गाड़ी दुर्ग से तेरह सितंबर से लेकर उनतीस नवंबर तक हर शनिवार को सुलतानपुर के लिए रवाना होगी। वहीं, चौदह सितंबर से तीस नवंबर तक हर रविवार को सुलतानपुर से दुर्ग के लिए चलेगी।

वहीं, अक्टूबर महीने में दिवाली के अवसर पर दुर्ग और पटना के बीच दिवाली स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह गाड़ी गोंदिया से उन्नीस अक्टूबर और पटना से बीस अक्टूबर को चलेगी।

रेलवे प्रशासन ने छठ पूजा के अवसर पर गोंदिया और पटना के मध्य दो फेरों के लिए छठ पूजा स्पेशल गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी गोंदिया से तेईस और चौबीस अक्टूबर तथा पटना से चौबीस और पच्चीस अक्टूबर को चलेगी।

**रेलवे / एसबीआई–समझौता ज्ञापन**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में भारतीय रेलवे और भारतीय स्टेट बैंक–एसबीआई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस मौके पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार और एसबीआई के अध्यक्ष सी. एस. शेट्टी भी मौजूद थे। इस एमओयू के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले रेलवे कर्मचारियों के लिए बीमा कवरेज में वृद्धि की गई है।

**मौसम**
**पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर और दुर्ग संभाग में गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, प्रदेश के कुछ स्थानों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इसके अगले चौबीस घंटे में और अधिक प्रबल होकर ओडिशा की तरफ बढ़ने की संभावना है। वहीं, मानसून द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, झारसुगुड़ा, पुरी, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक बनी हुई है। इसके असर से कल प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**समाचार संक्षेप में ...**

–राजधानी रायपुर में कल तीजा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

–सुकमा जिले के केरलापाल क्षेत्र के सिरसिट्टी गांव के नंदा पारा में माओवादियों द्वारा दो ग्रामीणों की हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस इस घटना की तस्दीक कर रही है।

–महासमुंद जिले की कोमाखान पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को भिलाई से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास बाईस किलो गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग तीन लाख तैंतीस हजार रूपये बताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>